एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में रस्सा खींच प्रतियोगिता का आयोजन

प्रलयंकर संवाददाता

मोदीनगर । एस आर एम यूनिवर्सिटी (एनसीआर कैंपस) में 35 यू पी वाहिनी एनसीसी मोदीनगर के तत्वावधान में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 122 एवं130 के पाँचवें दिन एनसीसी कैडेट्स को प्रातः काल में योग एवं शारीरिक प्रशिक्षण के साथ साथ रस्सा खींच प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम के तहत दूसरे सेसन में कैडेट्स को लीडरशिप कवालिटी

विकसित करने एवं अच्छे नागा- रक बनने तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित किया गया। शाम के सेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया । कैंप कमांडेंट कर्नल हरेंद्र सिंह सिद्धू (सेना मेडल) एवं एसआरएम यूनिवर्सिटी के आफिशियलस डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ संजय विश्वनाथन, डीन कैंपस लाइफ डॉ नवीन अहलावत, डीन मैनेजमेंट स्टडीज डॉ नरेंद्र मोहन मिश्रा, डीन एकेडमिक डॉ डी के शर्मा ,डीन एडमीशन आर पी महापात्रा, एच ओ डी ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉक्टर धौम्य भट्टाचार्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एन सी सी कैडेट्स को मेडल एवं ट्रॉफी भेंट की गई। कैंप में ट्रेनिंग ऑफि सर कर्नल जे एस पवार ने कैडेट्स को वृक्षारोपण करने एवं सामाजिक बुराइयों को दूर करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सुबेदार मेजर अमित राणा , सूबेदार विक्रम सारू, सुबेदार रस पॉल,एन सी सी ऑफिसर रितेश कुमार राय, ले0 मुकेश कुमार, ले0 रजनीश जिंदल , संगीता सिंह, डॉ0 सु- शील कुमार, हवलदार अजय शर्मा, नरेंद्र, सतीस, संजीव यादव,राजिंदर सिंह आदि का सहयोग रहा।

लीडरशिप विकसित करने की दी सीख

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली एनसीसी कैडेट को मेडल पहनाकर सम्मानित करते एसआरएम के डिप्टी रजिस्ट्रार संजय विश्वनाथन ● सौ. एसआरएम

जागरण संवाददाता मोदीनगर : एसआरएम आइएसटी में 35 यूपी वाहिनी एनसीसी मोदीनगर के तत्वावधान में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन एनसीसी कैडेट्स को योग प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान रस्सा खींच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दूसरे सत्र में कैडेट्स को लीडरशिप क्वालिटी विकसित करने एवं अच्छे नागरिक बनने की सीख दी गई। शाम के सत्र में कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एसआरएम के डिप्टी रजिस्ट्रार डा. संजय विश्वनाथन, डीन कैंपस लाइफ डा. नवीन अहलावत, डीन मैनेजमेंट स्टडीज डा. नरेंद्र मोहन मिश्रा, डीन एकेडमिक डा. डीके शर्मा, डीन एडमीशन आरपी महापात्रा, एचओडी ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट धौम्या भट्ट ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को मेडल एवं ट्राफी भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया। कैंप में ट्रेनिंग आफिसर कर्नल जेएस पवार ने कैडेट्स को वृक्षारोपण करने एवं सामाजिक बुराइयों को दूर करने का पाठ पढ़ाया। इस अवसर पर सुबेदार मेजर अमित राणा, सूबेदार विक्रम सारू, सुबेदार रस पाल, एनसीसी आफिसर रितेश कुमार राय, ले0 मुकेश कुमार, ले0 रजनीश जिंदल, संगीता सिंह, डा. सुशील कुमार, हवलदार अजय शर्मा, नरेंद्र, सतीश का सहयोग सराहनीय रहा।

एनसीसी कैडिटो ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर दिखाये जौहर

मनस्वी वाणी संवाददाता

मोदीनगर। एस आर एम यूनिवर्सिटी (एनसीआर कैंपस) में 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के तत्वाधान में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर -122 एवं 130 के पाँचवे दिन एन सी सी कैडेट्स को प्रातः काल में योग एवं शारीरिक प्रशिक्षण के साथ साथ रस्सा खींच प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। दूसरे सेसन में कैडेट्स को लीडरशिप कवालिटी विकसित करने एवं अच्छे नागरिक बनने संबंधी लेकचर के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

शाम के सेशन में कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर देश प्रेम की भावना के उद्देश्य से देश भक्ति गीत एवं नृतय आदि प्रस्तुत कर

कैडेट्स को राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना जागृत करने हेतु प्रयास किया। कैंप कमांडेंट कर्नल हरेंद्र सिंह सिद्धू (सेना मेडल) एवं एस आर एम यूनिवर्सिटी के आफिशियलस डिपटी रजिस्ट्रार डॉ संजय विश्वनाथन, डीन कैंपस लाइफ डॉ नवीन अहलावत, डीन मैनेजमेंट स्टडीज डॉ नरेंद्र मोहन मिश्रा, डीन एकेडमिक डॉ डी के शर्मा ,डीन एडमीशन आर पी महापात्रा, एच ओ डी ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डॉक्टर धौम्य भट्टाचार्य ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एन सी सी कैडेट्स को मेडल एवं ट्रॉफी भेंट कर अपने राष्ट्र को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ स्वच्छता अपनाने पर बल देते हुए इस देश के अच्छे नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया।